
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

बरेली महानगर

बरेली , शनिवार,31 जनवरी 2026

## सुविचार



धीरे ही सही लेकिन हमेशा चलते रहें क्योंकि एक समय के बाद ठहरा हुआ पानी भी सड़ने लगता है।
- एपीजे अब्दुल कलाम

## बरेली के प्रमुख समाचार


- रील बनाते समय निर्माणाधीन पुल की सपोर्ट वॉल गिरी, युवक की मौत-II
- परसाखेड़ा व सीबीगंज औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संकट का मुद्दा छाया-III
- आक्रोश : मानदेय के लिए गरजे ईसीसीई एजुकेटर-IV


## सिटी ब्रीफ

### हेड कांस्टेबल से 75 हजार रुपये ठगे, रिपोर्ट

**बरेली/कैंट, अमृत विचार :** आईटीबीपी बुखारा कैंप में तैनात हेड कांस्टेबल के खाते से एक अज्ञात साइबर ठग ने फर्जी मैसेज भेज कर 75 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित ने 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराकर कैंट थाने में अज्ञात साइबर तक के खिलाफ गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना कैंट क्षेत्र के बुखारा स्थित आईटीबीपी कैंप में तैनात हेड कांस्टेबल ने बताया, कि वह महाराष्ट्र के ब्रह्मपुरी तहसील क्षेत्र के गांव रानबोथली का मूल निवासी है। 7 दिसंबर 2025 को सुबह हेड कांस्टेबल के नंबर पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉलर ने उनके नंबर पर 75 हजार रुपए क्रेडिट होने का फर्जी मैसेज भेज कर उनसे कहा, कि उसके द्वारा गलती से 75 हजार तुम्हारे खाते में चले गए हैं और उसने सविता देवी नाम का एक नंबर उन्हें भेजकर उनसे रुपए वापस भेजने को कहा। जब उन्होंने मैसेज चेक किया, तो मैसेज देख कर उन्होंने दो बार में 75 हजार रूपए उसके द्वारा भेजे गए नंबर पर यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए।

## शहर में आज

- रोटरी क्लब बरेली की ओर से रोटरी कैपेबिलिटी बिल्डिंग सेंटर उद्घाटन सेरेमनी रामपुर गार्डन स्थित कैपिटल क्राफ्टर फर्स्ट फ्लोर पर शाम 4 बजे।
- परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा माह पर विचार गोष्ठी फ्यूचर यूनिवर्सिटी सभागार में सुबह 11 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्रीराम कथा का शाम 4 से 7 बजे तक।
- पत्रकार क्रिकेट क्लब की ओर से बरेली प्रीमियर टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग का फाइनल मैच निशांत पटेल स्टेडियम में शाम 4 बजे।
- इंडियन डेंटल एसोसिएशन की ओर आईडीएपीएल सीजन-7 का आयोजन एसआरएमएस कॉलेज स्टेडियम भोजीपुरा में सुबह 8 से।

## छाया घना कोहरा



पीलीभीत बाईपास रोड पर शुक्रवार देर रात घना कोहरा छाया नजर आया। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ● अमृत विचार

## दक्ष बने पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी के चेयरमैन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- भाजपा नेता ने दिल्ली स्थित कार्यालय में ग्रहण किया पदभार
- बरेली मंडल के विकलांग खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलने की उम्मीद



दक्ष शर्मा पाराशर का स्वागत करते चेयरपर्सन व सार्क एशियन गेम के चेयरपर्सन और वाइस प्रेसिडेंट।

**अमृत विचार :** सीबीगंज निवासी भाजपा नेता दक्ष शर्मा पाराशर को पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी का चेयरमैन और सलाहकार परिषद का सदस्य नियुक्त किया है। दक्ष के चेयरमैन बनने से बरेली मंडल और आसपास के शहरों में रहने वाले विकलांग एथलीटों को भी मदद मिलेगी।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण मिलने की उम्मीद बढ़ गयी है। नई दिल्ली के जैसलमेर हाउस स्थित कार्यालय में दक्ष शर्मा पाराशर को पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के चेयरपर्सन सत्यनारायण, सार्क एशियन गेम के चेयरपर्सन सत्या और वाइस प्रेसिडेंट एफपी सागवान ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कराया और बुके भेंट कर स्वागत किया। पिछले साल दक्ष शर्मा केंद्रीय आयुष मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बनाए गए थे। अब पैरालंपिक डेवलपमेंट कमेटी का चेयरमैन और सलाहकार परिषद के सदस्य नामित किया है। दक्ष शर्मा लंबे समय से आरएसएस के सेवा कार्यों से जुड़े हैं।

नए पद पर उनका कार्यकाल दो साल का रहेगा। दक्ष शर्मा की भूमिका भारत और एशियाई देशों में आगामी वर्षों में होने वाले ओलंपिक खेलों में अत्यधिक महत्वपूर्ण होगी। पैरा-स्पोर्ट्स के विकास में उनके विशिष्ट योगदान और अटूट प्रतिबद्धता को देखते हुए उन्हें इस पद के लिए नामित किया है। दक्ष शर्मा ने बताया कि ओलंपिक खेल की रणनीतियों को नया आकार देने, समावेशिता को बढ़ावा और राष्ट्रव्यापी स्तर पर पैरा-स्पोर्ट्स के विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा नेता डॉ नरेंद्र गंगवार, मनोज थपलियाल, सुधाकर शुक्ल, तरुण गंगवार, राहुल गुप्ता, मनोज यादव, अंकित यादव, मनीष शर्मा, आकाश पुष्कर, योगेश बंटी ने बधाई दी है।

# 20 करोड़ के जीएसटी फ्राड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

## मेरठ का रहने वाला है आरोपी योगेश शर्मा, गिरोह के एक सदस्य को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली/बिथरी चैनपुर

- खाली ट्रकों और नकली कागजों से राजस्व में करोड़ों की चपत लगाता है गिरोह
- बरेली की फर्जी फर्म श्री श्याम ट्रेडर्स से 14 करोड़ का पहुंचाया था राजस्व घाटा



आरोपी योगेश शर्मा।

**अमृत विचार:** क्राइम ब्रांच और बिथरी चैनपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी फर्म और कूटरचित दस्तावेज के सहारे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व की चपत लगाने वाले गिरोह के मुख्य साजिशकर्ता मेरठ के योगेश शर्मा को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया है। योगेश पर लगभग 20 करोड़ रुपये के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का फर्जी दावा करने का आरोप है। जांच में पता चला है कि गिरोह खाली ट्रकों और नकली कागजों के सहारे माल की सप्लाई दिखाता था, लेकिन वास्तविक लेनदेन कहीं नहीं होता था।

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी योगेश मेरठ के ग्राम छजुपुरा का रहने वाला है। जांच में सामने आया है योगेश ने अपने साथियों मनीष अग्रवाल, गौरव अग्रवाल (निवासी बरेली), अपर्णा अग्रवाल और आदी उर्फ युगांश बिसारिया के साथ मिलकर बरेली में ''श्री श्याम ट्रेडर्स'' नाम की फर्जी फर्म बनाई थी। सिर्फ इसी एक फर्म के जरिये करीब 14 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा पहुंचाया गया। इस मामले में राज्य कर अधिकारी अविनाश दीक्षित ने बिथरी चैनपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। एसआईटी के मुख्य विवेचक निरीक्षक संजय कुमार धीर ने बताया कि गिरोह के एक अन्य सदस्य गौरव अग्रवाल को 25 जनवरी को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अब योगेश की गिरफ्तारी के बाद पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और हवाला कारोबारियों की तलाश में जुट गई है। योगेश के पास से पुलिस ने जो मोबाइल फोन बरामद किया है, इसमें भारी मात्रा में फर्जी इनवॉइस, ई-वे बिल और व्हाट्सएप चैट मिली है। चैट से पता चला है कि यह गिरोह देश के विभिन्न राज्यों में अपनी फर्जी फर्मों का जाल फैलाए हुए था। मोबाइल डेटा इतना अधिक है कि अब पुलिस इसका फॉरेंसिक टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है।

### कागजों पर माल, असल में खाली ट्रक

पुलिस की पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। यह जीएसटी फ्रॉड गिरोह केवल कागजों का खेल खेल रहा था, असल में माल की सप्लाई बिल्कुल नहीं होती थी। दस्तावेजों में सब कुछ दिखाया जाता, ट्रकों के रूट, ई-वे बिल और इनवॉइस बनाए जाते, लेकिन वास्तविक में गाड़ियां खाली चलती थीं और माल कहीं नहीं जाता था। ऐसे नकली रजिस्ट्रेशन और दस्तावेज बनाने के लिए गिरोह किराये की दुकानों का इस्तेमाल करता था, फिर कुछ समय बाद उनका पता बदल देता था, ताकि विभाग की निगाहों से बचा जा सके। नकदी और फर्जी लेनदेन के पैसों को ठिकाने लगाने के लिये हवाला नेटवर्क का सहारा लिया जाता था, जिससे पैसा अंततः कई हाथों से गुजरकर वापस प्राप्त किया जाता था।

### गाजियाबाद के पॉश अपार्टमेंट से हुई गिरफ्तारी

एसएसपी बरेली अनुराग आर्य के निर्देशन में गठित क्राइम ब्रांच की टीम ने बैंक ट्रांजेक्शन और साइबर एनालिसिस के आधार पर योगेश शर्मा को ट्रेस किया। पुलिस ने उसे गुरुवार देर शाम गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन स्थित केडीपी सवाना अपार्टमेंट के गेट से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक योगेश पिछले कई सालों से इस संगठित अपराध को अंजाम दे रहा था। गिरफ्तारी वाली टीम में क्राइम ब्रांच के मुख्य विवेचक संजय कुमार धीर, बिथरी थाने के सहायक विवेचक इन्तजार हुसैन, सर्विलांस सेल से उप निरीक्षक सतेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल सतेंद्र कुमार, विकास कुमार और अंकुर शर्मा शामिल है।

### फर्जी फर्मों के राष्ट्रीय नेटवर्क को बड़ा झटका : एसएसपी

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि विवेचना के दौरान जुटाए गए तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल डेटा और हवाला इनपुट की जांच के आधार पर सामने आया है कि यह गिरोह कई जिलों और राज्यों में फर्जी कंपनियों के माध्यम से जीएसटी में भारी धोखाधड़ी कर रहा था। इसके नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे सिंडिकेट की गहराई तक पहुंच बनाई जा रही है। आरोपी के अन्य सहयोगियों की पहचान के लिए टीमें दबिश दे रही हैं। जांच एजेंसियों का लक्ष्य ऐसे संगठित आर्थिक अपराधों को जड़ से खत्म करना है और ऐसे नेटवर्कों को तोड़ना है जो जीएसटी प्रणाली का दुरुपयोग कर सरकार को नुकसान पहुंचाते हैं।

## रात में खड़ी कारों के टायर चोरी

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार:** कस्बे में बाईपास रोड क्षेत्र में चोरों ने रात के समय खड़ी कारों को निशाना बनाते हुए उनके टायर चोरी कर लिए। घटना की जानकारी सुबह होने पर वाहन स्वामियों को हुई, जिसके बाद उन्होंने कोतवालीमें तहरीर दी।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला बलदारान बाईपास रोड, कस्बा व थाना नवाबगंज निवासी मोहम्मद इरफान पुत्र लईक अहमद तथा मोहम्मद रफीक पुत्र अब्दुल रहमान की टोयटा ग्लैंजा और हुंडई क्रेटा कारें रात के समय बाईपास रोड के पास एक मैदान में खड़ी थीं। आरोप है कि रात में अज्ञात चोरों ने दोनों वाहनों के टायर खोलकर चोरी कर लिए। सुबह किसी स्थानीय व्यक्ति ने वाहन स्वामियों को सूचना दी कि उनकी कारों के टायर गायब हैं। मौके पर पहुंचने पर पीड़ितों ने चोरी की पुष्टि की और तत्काल थाने पहुंचकर घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है।

## सड़क किनारे फड़ और ठेला लगाने वालों को खदेड़ा, 64 हजार जुर्माना वसूला

- नगर निगम टीम में कई स्थानों पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान
- सुरेश शर्मा नगर से संजय नगर तक सामान समेटते नजर आए दुकानदार
- शाम को सेटेलाइट के पास सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाया गया



पीलीभीत बाईपास रोड पर अतिक्रमण हटवाती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को एक बार फिर पीलीभीत बाईपास रोड पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। सुरेश शर्मा नगर से संजय नगर चौराहे तक सड़क किनारे से अस्थायी दुकानें, ठेलों और कब्जों को हटाने के लिए टीम बुलडोजर लेकर पहुंची तो अफरातफरी मच गई। दुकानदार सामान समेटते नजर आए, जबकि कुछ को अभियान शुरू होते ही खदेड़ दिया गया। नियमों का उल्लंघन करने वालों से 64 हजार का जुर्माना वसूला गया। वहीं, शाम को सेटेलाइट के पास सड़क किनारे अवैध रूप से ठेले लगाने वालों को खदेड़ दिया।

राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि टीम ने अतिक्रमण हटाने के दौरान ठेले, तख्त, काउंटर आदि सामान जब्त किया। बिल्डिंग मेटेरियल वाले दुकानदारों ने रोड किनारे तक निर्माण सामग्री फैला रखी थी। उनसे जुर्माना वसूला गया। अगली बार सड़क किनारे निर्माण सामग्री मिलने पर जब्त करने की चेतावनी दी।अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद सड़क कुछ हद तक खुली दिखाई दी। राहगीरों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। नगर आयुक्त संजीव कुमार ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। दुकानदारों से अपील है कि अतिक्रमण न करें, वरना भारी भरकम जुर्माना डालने की कार्रवाई भी हो सकती है।

## 91.76 लाख दबाए, एडटैक व सैलबैल मीडिया को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विज्ञापन शुल्क रविवार तक जमा न होने पर सोमवार से जब्त किए जाएंगे होर्डिंग

**अमृत विचार :** शहर में यूनिपोल और विज्ञापन पट्टियों के जरिये मोटी कमाई का खेल हमेशा से चलता रहा है। इसमें नियमों की धज्जियां उड़ती रही हैं। इसी वजह से कई एजेंसियां नोटिस मिलने के बावजूद बकाया शुल्क जमा करने से कतराती रही हैं। ऐसे में एक बार फिर नगर निगम ने सख्ती का दावा करते हुए विज्ञापन शुल्क जमा नहीं करने वाली दो एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक नगर निगम ने विज्ञापन एजेंसी मैसर्स एडटैक प्रिंट एंड मीडिया और मैसर्स सैलबैल मीडिया को 91.76 लाख रुपये का बकाया विज्ञापन शुल्क जमा करने का बीते दिनों नोटिस भेजा था, लेकिन दोनों एजेंसियों ने खुलेआम अनदेखी की। एडटैक ने 90,66,362 रुपये में केवल 46,19,401 रुपये जमा किए, जबकि सैलबैल ने पूरी 1,09,680 रुपये की देय राशि का भुगतान नहीं किया। इसके अलावा पांच अन्य एजेंसियों मैसर्स प्रकाश संस एजेंसी, मैसर्स प्रकाश आर्ट स्टूडियो, मैसर्स प्रकाश पब्लिसिटी सर्विस, मैसर्स महालक्ष्मी ट्रेडर्स ने कार्रवाई से बचाने के लिए चेक जमा करा दिया, लेकिन, इसमें भुगतान को लेकर कुछ स्थिति स्पष्ट नहीं है।

नगर निगम के विज्ञापन प्रभारी राजीव राठी ने कहा कि इस सप्ताह बकाया राशि जमा नहीं होती, तो उक्त दोनों एजेंसियों के होर्डिंग को जब्त कर हटाया जाएगा। इसके साथ ही हटाने और सुरक्षा में आने वाले सारे खर्च भी संबंधित एजेंसियों से वसूल किए जाएंगे। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि सार्वजनिक संपत्ति और नियमानुसार राजस्व की सुरक्षा में किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इसलिए सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## 400 बड़े बकायेदारों की संपत्तियों को कुर्क करने की तैयारी

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम का संपत्ति कर विभाग 400 बड़े बकायेदारों के बैंक खातों की डिटेल जुटा रहा है। सभी को नोटिस देकर संपत्तियों के कुर्क करने और बैंक खाते को सीज करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि बकाया टैक्स वसूल किया जा सके। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि बकाया कर न चुकाने वाले यह संपत्ति जोन एक से लेकर जोन चार में शामिल हैं। रिकार्ड के अनुसार इन 400 बड़े बकायेदारों पर 33 करोड़ रुपये से अधिक बकाया है। इन्हें रकम जमा कराने को नोटिस जारी किया जा रहा है। इन बड़े बकायेदारों के बैंक खातों का नगर निगम पूरा ब्योरा जुटा रहा है, ताकि समय रहते बकायेदारों से हाउस टैक्स वसूल किया जा सके। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने बताया कि संपत्ति कर विभाग ऐसे लोगों की सूची बना रहा है, जिन्होंने चार साल या उससे अधिक समय से हाउस टैक्स जमा नहीं किया है।

## बीडीए ने भूखंडों की नीलामी में 80 करोड़ से अधिक कमाए



शिविर में मौजूद अधिकारी और निवेशक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना की नीलामी में उमड़ा निवेशकों का सैलाब
- बीडीए वीसी बोले-द स्काई वे अपार्टमेंट को पंजीकरण शुरू, 6 फरवरी को होगा लॉटरी ड्रा

**अमृत विचार:** रामगंगा नगर आवासीय योजना में खुद के सपनों का घर और कारोबार बसाने के लिए लोग बड़ी संख्या में भूखंड खरीदने उमड़ पड़े। बीडीए कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे से शुरू हुई नीलामी रात 10 बजे तक चली। नीलामी में बीडीए ने 80 करोड़ की आय प्राप्त की। नीलामी के बाद बीडीए उपाध्यक्ष ने सभी आवंटियों से शहर के विकास में सारथी बनने के लिए प्रेरित किया।

बीडीए उपाध्यक्ष डा. मनिकन्डन ए. ने बताया कि प्राधिकरण के कार्यालय परिसर में रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों और क्षेत्रफल के रिक्त आवासीय व व्यावसायिक भूखण्डों की नीलामी के लिए विशेष शिविर का आयोजन हुआ। इसमें कई सेक्टरों में विकसित भूखंडों की नीलामी की। इस दौरान बड़ी संख्या में दूसरे शहर व राज्यों से भी निवेशकों ने भागीदारी की, जिससे प्राधिकरण को 80 करोड़ रुपये से अधिक आय हुई। नीलामी शिविर में सचिव वंदिता श्रीवास्तव, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी शिवधनी सिंह यादव, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, विशेष कार्याधिकारी नीलम श्रीवास्तव, अजीत कुमार, अधिशासी अभियंता ए.पी.एन. सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में प्राधिकरण ने आम जनमानस को सूचित किया है कि नैनीताल रोड पर कुदेशिया फाटक के निकट स्थित 'द-स्काई वे अपार्टमेंट' के आवंटन को पंजीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। इच्छुक आवेदक 4 फरवरी 2026 तक बीडीए की आधिकारिक वेबसाइट bdainfo.org के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं, जबकि आवेदन पत्र एक्जीक्यूटिव क्लब रोड स्थित एचडीएफसी बैंक से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। अपार्टमेंट का लॉटरी ड्रा 6 फरवरी 2026 को प्रस्तावित है। बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि रामगंगा नगर और ग्रेटर बरेली आवासीय योजनाओं की सफलता के बाद बढ़ती आवासीय मांग को देखते हुए दिल्ली-लखनऊ बड़े बाईपास और पीलीभीत बाईपास पर लगभग 267 हेक्टेयर क्षेत्र में नई टाउनशिप योजना विकसित करने के लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इस योजना में 45 और 30 मीटर चौड़ी जोनल सड़कें, 18 मीटर तक चौड़ी आंतरिक सड़कें, भूमिगत विद्युत लाइनें, 132 केवीए विद्युत उपकेंद्र, एम्यूजमेंट पार्क और कम्युनिटी सेंटर जैसी आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया गया है।

## सॉफ्टबॉल टीम के लिए खिलाड़ियों का चयन

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपीआरयू के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में सॉफ्टबॉल की टीम के चयन के लिए शुक्रवार को ट्रायल लिया गया। ट्रायल के आधार पर 15 खिलाड़ियों का चयन कर टीम का गठन किया गया, जो अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करेगी। चयनित खिलाड़ियों में मुकेश गुर्जर, अनुज मीणा, रंगलाल मीणा, प्रकाश गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर, लोकेश गुर्जर, समर सिंह गुर्जर, राजेश मीणा, मनीष पहीडिया, दिलराज मीणा, किशन मीणा, अरविंद गुर्जर, योगेश गुर्जर, राहुल गुर्जर और प्रहलाद मीणा शामिल हैं। ये खिलाड़ी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं।

**पटाखा फैक्ट्री विस्फोट प्रकरण** | पटाखा विस्फोट में घायलों और मृतकों को मुआवजा देने के आदेश के खिलाफ दाखिल करेगा याचिका

## एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट जाएगा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट से किया संपर्क, नायब तहसीलदार पत्रावली लेकर दिल्ली भेजे गए

**अमृत विचार :** सिरौली के ग्राम कल्याणपुर में एक मकान में अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के मामले में मृतक और घायलों को मुआवजा देने के एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की तैयारी तेज हो गयी है।

जिला प्रशासन एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट के जरिए याचिका दाखिल करेगा। नायब तहसीलदार प्रशांत शुक्ला को एडवोकेट ऑन रिकार्ड सुप्रीम कोर्ट के पास प्रकरण से संबंधित पत्रावली लेकर भेजा गया है ताकि स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल की जा सके।

थाना सिरौली के ग्राम कल्याणपुर में 2 अक्टूबर 2024 की दोपहर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हुआ था। इसमें रहमान शाह व उनकी पत्नी छोटी बेगम घायल हुए थे। उनके परिवार के छह सदस्यों में तबस्सुम, निखत उर्फ नीना, शहजान, हरसान, सितारा, फातिमा व पड़ोस की महिला रुखसाना की मौत हो गयी थी। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण ने एक अंग्रेजी अखबार में प्रकाशित विस्फोट की खबर के मामले का स्वतः संज्ञान लेकर वाद दर्ज करते हुए जिला प्रशासन को नोटिस भेजकर प्रकरण की जानकारी मांगी थी। एनजीटी ने 18 फरवरी 2025 को आदेश सुनाते हुए कहा कि राज्य पीड़ितों को मुआवजा देने की जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। पीड़ितों को तत्काल राहत की आवश्यकता है। आदेश में न्यायाधिकरण ने यह माना था कि मृतक पीड़ितों में से प्रत्येक के लिए मुआवजे की राशि 20 लाख रुपये होनी चाहिए। 50 प्रतिशत से अधिक जलने वाले व्यक्तियों के लिए 15 लाख रुपये, 25 से 50 प्रतिशत तक जलने वाले व्यक्तियों के लिए 10 लाख रुपये और 5 से 25 प्रतिशत तक चोट लगने वाले व्यक्तियों के लिए 5 लाख रुपये और मामूली जलन या साधारण चोटों के घायलों को 2 लाख का भुगतान करने की बात कही थी।

एनजीटी द्वारा विभिन्न जनपदों में अवैध पटाखा गोदाम में हुए विस्फोट के दृष्टिगत विभिन्न वादों में जारी निर्देशों के अनुपालन को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 22 सितंबर 2025 को बैठक हुई थी। मुख्य सचिव ने प्रकरणों में एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने के बरेली सहित संबंधित जनपदों को निर्देश जारी किए। मुख्य सचिव के आदेश के अनुपालन में सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने की कार्रवाई जिला प्रशासन के स्तर से करायी जा रही है। मुख्य सचिव के निर्देश पर एनजीटी के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पेटिशन दाखिल करने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम सिटी को नामित किया है। डीएम की ओर से सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट ऑन रिकार्ड रूचिरा गोयल को पत्र भी भेजा गया है।

## सिटी ब्रीफ

### मकान के ताले तोड़ कर लाखों की चोरी

बरेली, अमृत विचार : प्रेम नगर क्षेत्र में चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़ कर लाखों की कीमत के जेवर व अन्य सामान चुरा लिया। परिवार घर लौटा तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला एकता नगर निवासी संदीप शुक्ला ने बताया कि 23 जनवरी को वह परिवार के साथ लखनऊ बहादुर खेड़ा पैतृक गांव गए थे। 27 जनवरी को घर लौटे तो बाहर ताला लगा था, लेकिन अंदर चैनल खुला था। वहां का ताला गायब था। ऊपर कमरे का दरवाजा खुला था। अलमारी में रखे एक लाख रुपये, सोने के एक जोड़ी कंगन, चेन, दो जोड़ी कान के झुमके, एक जोड़ी पाजेव, चांदी की चम्मच, कटोरी समेत अन्य सामान गायब था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### 12 लाख रुपये लेकर भी नहीं कराया मकान का बैनामा

बरेली, अमृत विचार : 12 लाख रुपये लेने के बाद भी महिला ने मकान का बैनामा नहीं कराया। इसके बाद युवक को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का एहसास हुआ और उसने महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। आलमगिरीगंज निवासी राहुल बामोत्रा ने बताया कि राजेंद्र नगर निवासी रानी नाम की महिला ने उसे बताया था कि मेरे पास एक मकान है। इसका कोई भी इकरारनामा या बैनामा पूर्व में नहीं हुआ है। उसकी बात पर विश्वास करके मार्च 2025 में मकान के बयाने के रूप में 12 लाख दे दिए। नवंबर 2025 में उसे जानकारी हुई की रानी नाम की महिला ने उसी मकान का इकरारनामा किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर कर दिया है। इसके बाद महिला से पूछने पर उसने कहा कि अब वह मकान भी नहीं देगी और जो रुपये दिए हैं वह भी नहीं देंगे। बारादरी पुलिस ने रानी नाम की महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### मुकदमेबाजी को लेकर तीन भाइयों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

बरेली/बहेड़ी, अमृत विचार : ज़ायदाद के बंटवारे को लेकर मुकदमा डालने से खुन्नस खाए तीन भाइयों ने अपने भाई के घर में घुसकर मारपीट की। इस मामले में पीड़ित ने अपने सगे तीन भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला टांडा के मोहम्मद शफी ने पुलिस से शिकायत की कि उसने ज़ायदाद बंटवारे का मुकदमा अदालत में दायर किया है। उसके भाई उसपर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। उसके इंकार पर आज उसके भाई एक और शख्स के साथ घर में घुस आए, और मुकदमा वापस लेने को कहने लगे। उसका kahna है कि इंकार करने पर ये लोग गलियां देते हुए मारपीट करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उसके भाई तौफीक, ज़ाहिद और अज़ीज़ के साथ मुख़्तायार अहमद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### शॉप से मोबाइल चोरी अज्ञात पर रिपोर्ट

बरेली/कैंट, अमृत विचार : एक दुकान से दिनदहाड़े मोबाइल चोरी कर लिया गया। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोर के खिलाफ कैंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के गांव उमरसिया निवासी करन सिंह ने बताया, कि वह गांव में ही मोबाइल की दुकान करता है। 22 जनवरी को वह दोपहर पांच मिनट के लिए दुकान से बाहर गया था। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी दुकान से एक मोबाइल चोरी कर लिया। दुकानदार ने अज्ञात चोर के खिलाफ कैंट थाने में गुरुवार को रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# सुभाषनगर के दो नाले गंदगी से चोक मिले, सफाई के निर्देश

- मेयर ने सड़क निर्माण और जलनिकासी की व्यवस्था देखी
- कहा- जलनिकासी की व्यवस्था और ढलान ठीक होना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : तपेश्वरनाथ मंदिर से सुभाषनगर पुलिया तक बन रही सड़क का शुक्रवार को मेयर डॉ. उमेश गौतम ने निरीक्षण किया। मेयर ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि सड़क निर्माण में किसी प्रकार की ढिलाई को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क की ढलान और जलनिकासी पूरी तरह सही हो, ताकि बरसात में जलभराव या यातायात बाधा न बने।

मेयर ने अधिकारियों को हिदायत दी कि निर्माण सामग्री की गुणवत्ता, मशीनरी और कार्य करने वाले कर्मचारियों की दक्षता पर लगातार नजर रखी जाए। इस दौरान उन्होंने आसपास के लोगों से भी फीडबैक



सुभाषनगर में सड़क निर्माण का निरीक्षण करते मेयर डॉ. उमेश गौतम। • अमृत विचार

लिया और उनके सुझावों को सीधे ठेकेदार और अधिकारियों के साथ साझा किया, ताकि सड़क निर्माण जनता के लिए टिकाऊ और सुरक्षित साबित हो। वहीं, सुभाषनगर इलाके में मेयर ने देखा कि दो नाले गंदगी और कचरे से पूरी तरह पटे हैं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और मौके पर ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी को फोन कर तत्काल सफाई के निर्देश दिए। मेयर ने स्पष्ट कहा कि यह स्थिति नगर की सफाई और स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए खतरा है। नाले और आसपास का क्षेत्र पूरी तरह साफ कराने और नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी, जेई विकास साहू, पार्षद प्रतिनिधि सुभाष वर्मा और ठेकेदार मौजूद रहे।

# आत्महत्या की सूचना, मामला बीमारी से मौत का निकला

- बारादरी के हरुनगला में ई-रिक्शा चालक की मौत पर पहुंची पुलिस
- किराये के मकान में रहता था नेमचंद, नहीं लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: बारादरी थाना क्षेत्र के हरूनगला में शुक्रवार को एक ई-रिक्शा चालक की बीमारी से मौत हो गई। मकान मालिक ने पुलिस को आत्महत्या की सूचना दी थी। लेकिन जांच के बाद मामला बीमारी से मौत का निकला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

रिक्शा चालक 36 वर्षीय नेमचंद बिथरी चैनपुर के गांव उड़ला गौटिया का रहने वाला था और हरुनगला में रोजी-रोटी के सिलसिले में किराये के मकान में रहता था। बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडेय ने बताया कि शुक्रवार दोपहर यूपी 112 पर सूचना मिलने पर जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मकान में नमेचंद की पत्नी और तीन बच्चे मौजूद मिले। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिले हैं। पूछताछ के दौरान परिवार के लोगों ने बताया कि नेमचंद काफी समय से बीमार थे। उनके लिवर में संक्रमण था, जिसका ऑपरेशन भी कराया गया था। बीते करीब दस दिनों से उनकी तबीयत ज्यादा खराब चल रही थी। परिजनों का कहना है कि बीमारी के कारण ही उनकी मौत हुई है।

# रील बनाते समय निर्माणाधीन पुल की सपोर्ट वॉल गिरी, युवक की मौत

## सितारगंज हाईवे पर निर्माणाधीन पुल के पास हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहरा

बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार

सितारगंज हाईवे पर निर्माणाधीन पुल के पास शुक्रवार शाम रील बनाते समय बड़ा हादसा हो गया। पुल पर लगी सपोर्ट वॉल अचानक गिरने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रिछोला किफायतुल्ला निवासी मोहम्मद फैजान (22) गांव में ही नाई की दुकान चलाता था। शुक्रवार शाम करीब साढ़े चार बजे वह अपने दोस्त अनुज के साथ सिजौलिया गांव के पास निर्माणाधीन पुल पर रील बनाने पहुंचा था। फैजान पुल के किनारे लगी सपोर्ट वॉल के ऊपर खड़ा होकर वीडियो बनवा रहा था, जबकि अनुज मोबाइल से रील रिकॉर्ड कर रहा था।

इसी दौरान संतुलन बिगड़ने और सपोर्ट वॉल के अचानक खिसकने से फैजान नीचे खेत में गिर पड़ा। हादसे के साथ ही पुल के किनारे लगी तीन भारी सपोर्ट वॉल उसके ऊपर आ गिरीं, जिससे वह बुरी तरह दब गया।

मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत



हादसे के बाद घटनास्थल पर एकत्र भीड़। • अमृत विचार



फैजान का फाइल फोटो।



यही सपोर्ट वॉल गिरी। • अमृत विचार

हाइड्रा मंगवाकर सपोर्ट वॉल हटवाई और युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। गमगीन परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव को अपने साथ घर ले गए।

सूचना पर चौकी इंचार्ज सुनील कुमार मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की। युवक की असमय मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# नाबालिग लड़की संग दुष्कर्म में दोषी को 10 वर्ष की कैद

विधि संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : नाबालिग लड़की (16) को ले जाने के उपरांत दुष्कर्म करने के 10 वर्ष पूर्व के मामले में आरोपी थाना देवरनियां क्षेत्र निवासी दीनदयाल को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने 10 वर्ष कठोर कारावास व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी।

पीड़िता के पिता ने थाना देवरनियां में तहरीर देकर बताया था कि 21 मई 2015 की रात लगभग 1 बजे दीनदयाल उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़िता ने अपने बयान में दीनदयाल द्वारा पीलीभीत के एक गांव मे ले जाकर दुष्कर्म करने की बात कबूली। पुलिस ने बहला फुसलाकर ले जाने, दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की संगीन धाराओं में विवेचना उपरांत आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये।

**कुकर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज :** नाबालिग लड़के (12) को खंडहर में ले जाकर कुकर्म करने के आरोपी थाना इज्जतनगर क्षेत्र निवासी दीपक उर्फ भोपा की जमानत अर्जी स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट-3 देवाशीष ने खारिज कर दी। सरकारी वकील राजीव तिवारी ने बताया कि पीड़ित के पिता ने थाना इज्जतनगर में तहरीर देकर बताया था कि 7 नवम्बर 2025 को रात 9 बजे पुत्र को गलत काम करने की नीयत से खंडहर में दीपक लेकर चला गया। जब पीड़ित की दादी उसे ढूंढने गयी तो पुत्र के चिल्लाने की आवाज आयी, उन्हें देखकर दीपक भाग गया। पीड़ित ने अपने बयान में बताया कि भूपा ने कुकर्म किया, धमकी दी कि किसी को कुछ बताया तो मार दूंगा।

### छेड़छाड़ के मामले में दोषी को 3 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : नाबालिग लड़की (14) के घर में 5 वर्ष पूर्व घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोपी थाना कैंट क्षेत्र निवासी शिलेन्द्र को परीक्षण में दोषी पाते हुए स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट हेमेंद्र कुमार सिंह ने 3 वर्ष कारावास व 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा मिलेगी। इसके अलावा 20 हजार रुपये सरकारी योजना के तहत भी दी जायेगी। सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता की मां ने थाना कैंट में तहरीर देकर बताया था कि 11 दिसम्बर 2020 को शिलेन्द्र उसके घर दूध लेने आया। घर पर पुत्री को अकेला देखकर गलत नीयत से उसका हाथ पकड़ कर खींच लिया। वह जोर से चिल्लाई, शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए, जिन्हें देखकर शिलेन्द्र वहां से भाग गया। अभियोजन ने 6 गवाह पेश किये।

# अफीम तस्करी के आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

- मुकदमा दर्ज होने के बाद फरार हो गया था ओमवीर सिंह

विधि संवाददाता, बरेली, अमृत विचार : अफीम तस्करी मामले में आरोपी बदायूं थाना वजीरगंज के फतेह नगला, मजरा रेहड़िया सैदपुर निवासी फरार ओमवीर सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश कुमारी अफशॉ ने खारिज कर दी।

एनसीबी के वकील घनश्याम ने बताया कि 18 अक्टूबर 2024 को कैसरबाग लखनऊ से मेरठ जाने वाली बस की चेकिंग के दौरान एनसीबी ने फरीदपुर टोल प्लाजा के पास से दो यात्री विकास डांगी व खुदनाथ डांगी से 5 किलोग्राम अफीम बरामद की थी। उन्होंने बताया था कि यह अफीम सतेन्द्र कुमार वर्मा उर्फ सतेन्द्र डांगी से झारखंड से आये हैं और इसको ओमवीर सिंह को देना था। एनसीबी लखनऊ थाने में आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही ओमवीर फरार हो गया है, कोर्ट ने फरार घोषित करते हुए कुर्की आदेश दिया है।

बचाव के लिए ओमवीर ने अपने वकील के जरिये कोर्ट के समक्ष अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी।

# बेसिक शिक्षा : दस या पांच हजार रुपये दो, विद्यालय निपुण हो जाएगा

- डीएलएड प्रशिक्षुओं का रिश्वत लेते वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप
- शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने बीएसए से मामले में शिकायत करने की बात कही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : निपुण भारत मिशन, जिसका उद्देश्य बच्चों को बुनियादी दक्षताओं में निपुण बनाना है, अब भ्रष्टाचार का नया अड्डा बनता नजर आ रहा है। बिथरी चैनपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय परेवा कुईया में आकलन के लिए पहुंचे डीएलएड प्रशिक्षु रोहित और सुमित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने पूरी बेसिक शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। वीडियो में प्रशिक्षु खुलेआम कहते सुने जा रहे हैं-दस-पांच हजार आपके लिए कोई बड़ी बात नहीं है और आपका विद्यालय भी निपुण घोषित हो जाएगा। यह वीडियो जैसे ही बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक ग्रुपों में पहुंचा, विभाग में हड़कंप मच गया।

मामले को लेकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने कड़ा रुख अपनाया है। संगठन के पदाधिकारी विनोद कुमार ने इसे शिक्षा व्यवस्था के लिए शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह कृत्य किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शनिवार को प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात कर दोषी प्रशिक्षुओं और इस पूरे नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई की मांग करेगा। उधर, जिले के अन्य ब्लॉकों से भी निपुण आकलन में अवैध वसूली की शिकायतें सामने आने लगी हैं।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि इस भ्रष्टाचार से न केवल ईमानदार शिक्षक अपमानित हो रहे हैं, बल्कि बच्चों की वास्तविक शैक्षिक प्रगति भी प्रभावित हो रही है। अब सवाल सिर्फ दो प्रशिक्षुओं का नहीं, बल्कि उस पूरी व्यवस्था का है, जिसने भ्रष्टाचार को पनपने दिया। कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला आंदोलन का रूप ले सकता है।

# पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

बरेली/आंवला अमृत विचार: नगर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपितों सहित अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बा आंवला निवासी प्रेमशंकर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह बाजार से लौट रहा था। इसी दौरान नहर के पास पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने पुराने मुकदमे में फैसले को लेकर दबाव बनाते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। आरोपितों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई।

# बैंक कर्मचारी बनकर युवक से 3.29 लाख रुपये ठगे, रिपोर्ट

- अनजान नंबर से कॉल करने वाले ने मांग ली थी बैंक डिटेल
- पुलिस बोली-रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ठग ने खुद को बैंक कर्मी बताकर एक युवक से 3.29 लाख रुपये ठग लिए। प्रेम नगर पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ब्रजलोक कॉलोनी निवासी मुरली मनोहर अग्रवाल ने बताया कि 24 जनवरी को उसके पास पीएनबी बैंक एक्शन का लिंक आया। उसके बाद एक अज्ञात नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने अपना नाम राजेश मिश्रा बताते हुए खुद को बैंक कर्मी बताया। कॉल करने वाले ने उससे डेबिट कार्ड व अन्य डिटेल ले ली। एक-एक लाख रुपये की तीन फिक्स डिपाजिट को बंद कराकर खाते से रुपये उड़ा लिए गए। कुल 3.29 लाख रुपये की ठगी उसके साथ हुई। पीड़ित ने कॉल करने वाले राजेश मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र में लगातार साइबर ठगी की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### युवक के खाते से 2.88 लाख रुपये उड़ाए

बरेली, अमृत विचार : एक युवक के बैंक खाते से 2.88 लाख रुपये उड़ गए। खाते से रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इज्जतनगर थाना क्षेत्र के गांव नगरिया कला निवासी मोहम्मद जफर ने बताया कि उनके बैंक खाते से 2 लाख 88 हजार रुपये उड़ गए। उन्हें 24 जनवरी को खाते से पैसे कटने की जानकारी हुई। वह बैंक गए तो मैनेजर ने बताया कि उनके खाते से रुपये आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किए गए हैं। जफर के अनुसार उसने किसी को न तो कोई ओटीपी बताया और न ही कोई लिंक शेयर किया, लेकिन इसके बाद भी उसके खाते से रुपए कट गए।

**आम बजट** | व्यापारियों और उद्यमियों की कारोबारी माहौल बनाने को वित्तमंत्री की पोटली पर टिकीं निगाहें

# महंगाई और ऑनलाइन कारोबार की बढ़ती चुनौतियों से राहत की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : एक फरवरी को पेश होने वाले आम बजट को लेकर व्यापार जगत के साथ-साथ उद्यमियों की निगाहें वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण पर टिकी हुई हैं। बढ़ती महंगाई, कच्चे माल की लागत में इजाफा और ऑनलाइन कारोबार की बढ़ती चुनौती ने स्थानीय व्यापारियों और छोटे उद्यमियों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। ऐसे में आगामी बजट से उन्हें बड़ी राहत की उम्मीद है। व्यापारियों और उद्यमियों का मानना है कि यदि सरकार इस बार बजट में जमीनी स्तर पर काम कर रहे छोटे व्यापार, स्टार्टअप और एमएसएमई सेक्टर को प्राथमिकता देती है, तो इससे न केवल बाजारों में रौनक लौटेगी बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी।



छोटे उद्योगों के लिए पूंजी और भूमि की उपलब्धता सबसे बड़ी समस्या है। बैंक ऋण की प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली होती है। बजट में यदि उद्यमियों के लिए आसान लोन, ब्याज में छूट और टैक्स में राहत दी जाती है तो नए उद्योग स्थापित करने में मदद मिलेगी। इससे रोजगार भी बढ़ेगा और स्थानीय स्तर पर उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।

– **पीयूष अग्रवाल**, पूर्व चैप्टर चेयरमैन, आईआईए



वर्तमान परिदृश्य में उद्योग जगत अनेक समस्याओं का सामना कर रहा है। कच्चे माल के दामों में बढ़ोतरी का सीधा असर कारोबार में कमाई पर पड़ रहा है। ऐसे में यदि आगामी बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए आसान और कम ब्याज वाले ऋण की व्यवस्था के साथ करों में रियायत दी जाती है, तो इससे उद्यमियों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिल सकती है।

–**रजत महरोत्रा**, युवा उद्यमी



आगामी आम बजट से स्थानीय व्यापारियों को बड़ी उम्मीदें हैं। बढ़ती महंगाई और ऑनलाइन कंपनियों की प्रतिस्पर्धा ने छोटे दुकानदारों की कमर तोड़ दी है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि इसके लिए एक्ट बनाए। छोटे व्यापारियों के लिए इनकम टैक्स में राहत और बाजारों के विकास के लिए विशेष पैकेज घोषित किए जाएं, ताकि व्यापार को नई दिशा मिले। – **राजेश जसौरिया**, प्रांतीय संयुक्त महामंत्री, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल



आज के समय में मेडिकल स्टोर चलाना पहले जितना आसान नहीं रहा। ऑनलाइन दवा कंपनियों की भारी छूट के कारण ग्राहक वहां आकर्षित हो रहे हैं। यदि बजट में स्थानीय दवा विक्रेताओं को डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने, सुरक्षा मानकों को बेहतर करने और आर्थिक सहायता देने के प्रावधान किए जाते हैं, तो छोटे मेडिकल स्टोर टिक पाएंगे। –**दुर्गेश खटवानी**, अध्यक्ष, केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन



अमेरिका में लागू किए गए उच्च टैरिफ के कारण भारत से यूएस को निर्यात होने वाले सामान की कीमतें काफी बढ़ गई हैं, जिससे भारतीय व्यापारियों और निर्यातकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ऐसे में बजट से उम्मीद जताई जा रही है कि निर्यातकों को राहत देने के लिए कुछ रिबेट या प्रोत्साहन योजनाएं शामिल की जाएं, ताकि लागत कम हो और व्यापार को फिर गति मिल सके।

–**गौरव मित्तल**, उद्यमी



स्थानीय बाजारों को संजीवनी देने के लिए अब ठोस और व्यावहारिक नीति की जरूरत महसूस की जा रही है। ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन ने पारंपरिक बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही को काफी हद तक कम कर दिया है। इसे लेकर लंबे समय से विरोध भी हो रहा है। ऐसे में यदि आगामी बजट से काफी उम्मीदें हैं कि व्यापार को मजबूती मिलेगी।

–**संजीव मित्तल**, अध्यक्ष हार्डवेयर संगठन



आम बजट को लेकर व्यापार जगत को बहुत उम्मीदें हैं। बिजली, परिवहन और कच्चे माल की लागत लगातार बढ़ रही है। बजट में यदि औद्योगिक क्षेत्रों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, सस्ती ऊर्जा और टैक्स में रियायत दी जाती है तो उत्पादन बढ़ेगा। इससे निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा और देश की औद्योगिक क्षमता मजबूत होगी।

–**अजय खंडेलवाल**, व्यापारी



नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार को बजट में विशेष प्रावधान करने चाहिए। महिलाओं के लिए उद्यम शुरू करना आज भी चुनौतीपूर्ण है। बजट में महिला उद्यमियों के लिए विशेष पैकेज, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता की घोषणा होनी चाहिए। इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी और समाज में उनकी आर्थिक भागीदारी बढ़ेगी।

–**राधिका कपूर**, व्यवसायी।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर घायल

बरेली/हाफिजगंज, अमृत विचार: दूध लेकर घर लौट रहे एक युवक को तेज गति से आ रही बाइक ने सामने से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

थाना हाफिजगंज क्षेत्र के गांव सिथरा निवासी प्रशांत पुत्र वीरेंद्र शुक्रवार शाम करीब पांच बजे हाफिजगंज से दूध लेकर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह क्रेशर के पास पहुंचा, तभी सामने से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए नवाबगंज अस्पताल भेजा।

## सिटी ब्रीफ

### जिलाधिकारी के पिता के निधन पर की शोक सभा

**बरेली, अमृत विचार :** नाथ नगरी के राजा सेवा समिति की ओर से बिहारीपुर खत्रियान में जिलाधिकारी अविनाश सिंह के पिता दिनेश बहादुर सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धांजलि अर्पित की। विकास मेहरोत्रा, मुनीश कुमार, विवेक कक्कड़, सचिन श्याम भारतीय, राहुल मेहरोत्रा, कौशिक टंडन, इंद्रदेव त्रिवेदी, जितेंद्र कुमार मिश्रा, सुनील रस्तोगी, संतोष कपूर, पंकज कक्कड़, लवलीन कपूर, प्रदीप रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को किया नमन

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार :** तहसील सभागार में स्वतत्रता सेनानियों के अमर शहीदों की स्मृति में शोक संवेदना कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में अफसरों और कर्मचारियों ने राष्ट्र के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा और उनके अदम्य साहस, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया। एसडीएम आलोक कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान देश की आजादी की नींव है। कार्यक्रम में तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार, शिशुपाल सिंह, लेखपाल आदित्य कुमार, पुष्पेंद्र पटेल, लोकेंद्र कुमार, अभिषेक पटेल, कृष्ण कुमार, अनिल कुमार, धीरज गंगवार, एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### बरसीम काटते समय सांप ने डसा, युवक की हालत बिगड़ी

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** पशुओं के लिए बरसीम काटने खेत गए एक युवक को सांप ने डस लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जानकारी के अनुसार रवि कुमार (22) निवासी ग्राम ग्रेम, खेत पर पशुओं के चारे के लिए बरसीम काट रहा था, तभी अचानक सांप ने उसे डस लिया। सांप के डसते ही युवक की तबीयत बिगड़ने लगी। जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गये।

# बेहद फजीलत वाली रात है शब ए बरात : अहसन मियां

- नौजवान शोर-शराबे से बचते हुए इबादत में गुजारें रात

**बरेली, अमृत विचार :** शब ए बरात 3 फरवरी को मनाई जाएगी। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि आला हजरत के सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) ने दरगाह मुख्यालय पर बाद नमाज-ए-जुमा शबे बरात की फजीलत बयान करते हुए कहा कि अल्लाह के रसूल ने इरशाद फरमाया कि जब शाबान की 15 वीं शब आये तो कयाम (इबादत) करो और इसके दिन का रोजा रखो।

यह रात बड़ी फजीलत, रहमत और बरकत वाली है। ये रात गुनाहों से निजात की रात है। ये रात उन खास रातों में से एक है, जिसमें अल्लाह अपने बंदों की दुआएं कुबूल करता है। इसलिए मुसलमान अपने रब को राजी करने के लिए ज्यादा से ज्यादा इबादत करे।

मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी ने कहा कि इस दिन बेसहारों, बेवाओं, यतीमों व जरूरतमंदों की खूब मदद करें। इस रात खासकर नौजवान बाइकों से स्टंट व हुड़दंग हरगिज न करें। दरगाह के शाहिद खान नूरी, हाजी जावेद खान, अजमल नूरी, औरंगजेब नूरी, परवेज नूरी, ताहिर अल्वी व मंजूर रजा ने नगर निगम से सभी दरगाहों, खानकाहों, मस्जिदों और कब्रिस्तानों के आसपास सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। मौलाना बशीरूल कादरी, मुजाहिद रजा मौजूद रहे।

## पुण्य तिथि पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दो फूल भी नहीं चढ़े





जोगी नवादा क्षेत्र की दीनानाथ कॉलोनी स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क हमेशा से बदहाली की स्थिति में रहा। तीन साल पहले तक इस पार्क में जलकुंभी ने सभी महापुरुषों की प्रतिमाओं को जकड़ लिया था। उस हालत में सुधार हुआ, लेकिन अब भी इस पार्क की कोई सुध नहीं ले रहा है। परिसर में गंदा पानी भरा रहता है। महापुरुषों की प्रतिमाओं के आसपास गंदगी फैली रहती है। शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि थी, लेकिन न सरकारी अधिकारी और न ही जनप्रतिनिधि महात्मा गांधी की प्रतिमा पर दो फूल चढ़ाने पहुंचे। इस पार्क में गांधी जी, उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी और जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा एक ही जगह पर स्थापित हैं। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पत्नी ललिता शास्त्री ने 11 अप्रैल 1989 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पार्क का उद्घाटन किया था। इसका जिक्र वहां लगे शिलापट्ट में किया गया है। कॉलोनी को बसाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी दीनानाथ मिश्रा थे। उन्हीं के प्रयासों से पार्क बनाया गया था। शुक्रवार को इस पार्क में बच्चे खेलते मिले तो कुछ लोग ताश खेल रहे थे। ● अमृत विचार

# परसाखेड़ा व सीबीगंज औद्योगिक क्षेत्र में बिजली संकट का मुद्दा छाया

## जिला उद्योग बंधु की बैठक में 300 फैक्ट्रियों का उत्पादन ठप रहने पर बिफरे उद्यमी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- उद्यमियों का आरोप - बुधवार से गुल हुई बिजली शुक्रवार शाम तक नहीं हो पाई दुरुस्त
- परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान में सड़कें बनने से पहले उखड़ने का मामला भी उठाया

**अमृत विचार :** जिला उद्योग बंधु की बैठक में बिजली व्यवस्था खराब होने के मुद्दे पर उद्यमी जमकर बिफरे। परसाखेड़ा और सीबीगंज औद्योगिक आस्थान में दो दिन से बिजली न होने से तीन सौ फैक्ट्रियों में उत्पादन ठप होने का मुद्दा उठाते हुए उद्यमियों ने कहा कि बिजली विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, इसका खामियाजा उद्यमियों को उठना पड़ रहा है। बिजली संकट से फैक्ट्रियां दो दिन से नहीं चल पाई हैं। बिजली विभाग के चीफ इंजीनियर से पत्राचार के बावजूद शुक्रवार की शाम तक बिजली ठीक से दुरुस्त नहीं हुई। उद्यमियों ने परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान में सड़कें बनने से पहले उखड़ने का आरोप लगाया।

अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक आयोजित की गयी। आईआईए के चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी, सीबीगंज औद्योगिक आस्थान के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बिजली संकट का मुद्दा जोरशोर से उठाते कहा कि बिजली की नई व्यवस्था में औद्योगिक आस्थानों में बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गयी है। पहले परसाखेड़ा में बिजली उप केंद्र पर एक एसडीओ, एक जेई, लाइनमैन सहित अन्य स्टाफ की तैनाती रहती थी, लेकिन नई व्यवस्था में सिर्फ एक जेई तैनात है, उस जेई पर सीबीगंज, किला क्षेत्र का भी प्रभार है। बिजली खराब होने की स्थिति में जेई से संपर्क करने पर कई घंटे सही होती है। दो दिन से बिजली ने उद्यमियों को रुला दिया है। बिजली व्यवस्था में सुधार कराने मांग उठायी। उद्यमियों ने परसाखेड़ा औद्योगिक आस्थान में नगर निगम की ओर से बनायी जा रही सड़कों के उखड़ने का मुद्दा उठाया। कहा कि कई सड़कें ऐसी हैं जो अभी बन रही हैं लेकिन एक तरफ से उखड़ रही हैं। सीबीगंज औद्योगिक आस्थान में नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं की जा रही है। स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरा रहता है। लाइटें ठीक कराने की मांग रखी। उद्यमियों ने बताया कि रिछा राइस मिलर्स एसोसिएशन ने फायर स्टेशन का मुद्दा उठाया तब यह बताया गया कि रिछा में फायर स्टेशन बनाने के लिए भूमि का चयन हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने भूमि देने के लिए हामी भर दी है। फरीदपुर औद्योगिक आस्थान क्षेत्र की खामियां पर चर्चा की गयी। एडीएम सिटी ने सड़कें उखड़ने के मुद्दे पर नगर निगम से जांच कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद उद्यमी, एडीएम सिटी सौरभ दुबे व अन्य अफसर।

## प्रसव के दौरान सीएचसी में महिला की तबीयत बिगड़ी, रेफर

**बरेली/नवाबगंज, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज में प्रसव के लिए भर्ती एक महिला की हालत ऑपरेशन की तैयारी के दौरान अचानक खराब हो गई। स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने महिला को तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सतुईया खुर्द निवासी मोहम्मद अमन की पत्नी नगमा बी को शुक्रवार को प्रसव पीड़ा शुरू हुई थी। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों द्वारा कराई गई जांच और अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट में गर्भस्थ शिशु की मौत की पुष्टि हुई।

चिकित्सकों ने महिला को उच्च केंद्र पर ले जाकर ऑपरेशन कराने की सलाह दी, लेकिन परिजनों के आग्रह पर सीएचसी में ही प्रसव की प्रक्रिया शुरू की गई। ऑपरेशन थिएटर में ले जाने के बाद जैसे ही सर्जरी शुरू की तभी महिला की हालत अचानक बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर महिला के परिजन हंगामा करने लगे और चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे ।मौके पर पुलिस के पहुंचने के बाद मामला शान्त हुआ। मरीज की हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने बिना देर किए को रेफर कर दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित गंगवार ने बताया कि महिला की स्थिति गंभीर होने पर उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

## मकानों की गणना की तैयारी तेज, लगेंगे 162 फील्ड ट्रेनर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिले में मई-जून से मकानों की गणना का शुरू होगा कार्य
- जिला जनगणना समन्वय समिति गठित कर जिम्मेदारी तय

**अमृत विचार :** जनपद में जनगणना-2027 से पहले मकानों की गणना कराने की तैयारियां तेज हो गयी हैं। मकानों की गणना के लिए 162 फील्ड ट्रेनर तैनात किए जाएंगे। फील्ड ट्रेनरों के चयन करने की प्रकिया शुरू हो गयी है। पंचम मंडल सिंचाई कार्य बरेली के अधीक्षण अभियंता, बाढ़ कार्य मंडल के अधीक्षण अभियंता, नलकूप मंडल के अधीक्षण अभियंता और डायट फरीदपुर के प्राचार्य को 162 फील्ड ट्रेनरों की सूची तैयार करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

जनपद में जनगणना कार्य कराने के लिए जिला जनगणना समन्वय समिति गठित की गयी है। समिति जनगणना की प्रारंभिक तैयारियां, प्रशिक्षण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, जनसंख्या की गणना आदि कार्यों को कराएगी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने समिति गठित कर आदेश जारी किया। डीएम प्रमुख जनगणना अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) समिति के संयोजक होंगे। मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, डीएसटीओ, डीपीआरओ, और जिला सूचना अधिकारी को सदस्य बनाया गया है। समिति गठन के बाद मई-जून से मकानों की गणना शुरू कराने के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

जिला जनगणना अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने पंचम मंडल सिंचाई कार्य बरेली के अधीक्षण अभियंता, बाढ़ कार्य मंडल के अधीक्षण अभियंता, नलकूप मंडल के अधीक्षण अभियंता और डायट फरीदपुर के प्राचार्य को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य मई-जून में आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य के सफल संचालन के लिए जनगणना कार्य में लगाए जाने ट्रेनरों को जनगणना कार्य निदेशालय के अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये अधिकारी नेशनल ट्रेनर का प्रशिक्षण ले चुके हैं। इसके लिए 162 फील्ड ट्रेनरों की सूची तैयार करते हुए हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराएं। फील्ड ट्रेनरों के मोबाइल नंबर भी सूची में दर्ज करें।

## कुष्ठ रोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों को समाप्त करने की शपथ ली

**अमृत विचार:** विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एलटी-9 में शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। त्वचा विभाग की डॉ. सुजाता ने कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम पर जानकारी दी। नर्सिंग स्टाफ ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर जागरूक किया। पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी। डॉ. परवीन कुमार राठौर ने शपथ सेरेमनी कराई, जिसमें सभी लोगों ने कुष्ठ रोग से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को समाप्त करने की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. रजनेश पठानिया और नर्सिंग अधीक्षक पूनम आजाद का मार्गदर्शन रहा।

## सीबीएचआई टीम ने स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण कर दिए सुझाव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत सेंट्रल ब्यूरो ऑफ हेल्थ इंटेलिजेंस (सीबीएचआई) की टीम ने तीन दिन लगातार शुक्रवार तक विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों का भ्रमण किया। टीम ने संचारी एवं गैर-संचारी रोगों से संबंधित आंकड़ों के संकलन एवं गुणवत्ता की समीक्षा की और आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि टीम में सीबीएचआई की उप निदेशक दीक्षा सचदेवा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी अभिषेक सिंह एवं शेष कुमार मौर्य शामिल थे। टीम के भ्रमण का मुख्य उद्देश्य सीबीएचआई के निर्धारित प्रारूप के अनुसार संचारी एवं गैर-संचारी रोगों से संबंधित गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों के संकलन की स्थिति का आकलन करना था। भ्रमण के दौरान टीम ने जिला अस्पताल, तीन सौ शैय्या विशिष्ट अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहगंज पश्चिमी, शाही एवं भमोरा का निरीक्षण किया। टीम ने कमियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्हें दूर करने को आवश्यक सुझाव व उपाय भी बताए।



निरीक्षण के बाद सुझाव देते सेंट्रल ब्यूरो ऑफ हेल्थ इंटेलिजेंस टीम में शामिल अधिकारी।

### टीम ने कार्यशाला में भाग लिया

सीबीएचआई टीम ने श्रीराम मूर्ति मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार को आयोजित इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ डिजीज (आईसीडी-11) की कार्यशाला में भी प्रतिभाग किया। मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन, जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह, डॉ. अजय मोहन अग्रवाल, मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### किसानों का संकल्प : हक के लिए संघर्ष और तेज होगा



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में चौकी चौराहे के पास स्थित गांधी पार्क में चल रहे अनिश्चितकालीन सत्याग्रह एवं धरना प्रदर्शन को शुक्रवार को 14 दिन हो गए। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किसानों ने संकल्प लिया कि हक के लिए संघर्ष और तेज होगा ।यह सत्याग्रह बीज विकास निगम के ग्राम बगरैन स्थित गोदाम में 10 हजार क्विंटल धान-गेहूं/बीज की कथित धोखाधड़ी और गायब होने के खिलाफ चल रहा है। इसकी अनुमानित कीमत 4 करोड़ रुपये बतायी गयी। चार हजार से अधिक किसानों और किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से जुड़े किसान प्रभावित हैं। किसानों का आरोप है कि थाने में तहरीर देने के बावजूद रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। जिसके विरोध में यह धरना शुरू हुआ। गांधी जी की पुण्य तिथि पर किसानों ने संकल्प लिया कि सत्य, अहिंसा और अडिग संघर्ष पर आधारित धरना और मजबूत होगा। प्रभावित किसानों को उनका पूरा हक दिलाकर रहेंगे। प्रशासन से मामले की जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष विपिन पटेल, आंदोलन के संयोजक डॉ हरीश गंगवार, जगदीश सरन, जाहिद अली, हरवीर सिंह, रमेश चंद्र, नारायन सिंह, ओम पाल गंगवार, कमरद्दीन सैफी, उल्फत सिंह आदि सत्याग्रह कर रहे हैं। शुक्रवार को महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष दिनेश द्दा, जिला प्रवक्ता राज शर्मा भी पहुंचे।

### सत्य, अहिंसा और भाईचारे के प्रतीक थे महात्मा गांधी



**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से शुक्रवार को उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और भाईचारे के प्रतीक थे। उन्होंने अपने जीवन से देश को यह संदेश दिया कि नफरत और हिंसा नहीं, बल्कि प्रेम और अहिंसा से ही समाज और राष्ट्र को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से गांधी जी के सिद्धांतों पर चलती आई है और सामाजिक सद्भाव, समानता व लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने कहा कि गांधी जी की शहादत हमें यह याद दिलाती है कि संविधान, लोकतंत्र और आपसी भाईचारा ही देश की असली ताकत है। कांग्रेस उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी। सुबोध जौहरी, हरीश गंगवार, विनोद कुमार, तीरथ मधुकर, सतीश चंद्रा, महिंदर पाल, अनिल कुमार, पंकज उपाध्याय, कमरुद्दीन सेफी, जगदीश शरण, उल्फत कठेरिया, देवेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, सफदर अली बुखारी, आशीष रुस्तम, जीतेन्द्र बाबू, प्रवीण मिश्रा रमेश श्रीवास्तव, मनोज शर्मा, बसंत चरण, पीयूष मेस्सी, एडवोकेट पूनम दीप, मुजमिल आदि मौजूद रहे।

### महात्मा गांधी के आदर्शों और सिद्धांतों से प्रेरणा लें



**बरेली, अमृत विचार :** मानव सेवा क्लब के तत्वावधान में शुक्रवार को बिहारीपुर में महात्मा गांधी के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी एक विचार ही नहीं, एक दर्शन हैं, लोगों को उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। अध्यक्ष सुरेन्द्र बीनू सिन्हा ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे महात्मा गांधी के आदर्शों और उनके सिद्धांतों से प्रेरणा लें। इन्द्र देव त्रिवेदी ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के मंत्र को जीवन में आत्मसात करें, तभी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुकेश सक्सेना ने गांधी जी का प्रिय भजन सुनाया। दो मिनट का मौन भी धारण किया गया। गांधीजी की स्मृति में दो जरूरतमंद कन्याओं को शादी में उपहार दिए। प्रदीप माधवार, जितेंद्र सक्सेना, शकुन सक्सेना, रीता सक्सेना, अनिल सक्सेना, राजेश सक्सेना, अलका त्रिवेदी, निर्भय सक्सेना, मधुरिमा सक्सेना, सुनील शर्मा, एएल गुप्ता, सुनील शर्मा, रीतेश साहनी आदि मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता

### 7वीं शकुंतला देवी मेमोरियल प्रीमियर टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग के सेमीफाइनल मुकाबले रहे रोमांचक

# एसआरएमएस व आईके नेक्स्ट जेन के बीच आज खिताबी भिड़ंत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रोमांचक सेमीफाइनल में जीएसटी इलेवन और ठेकेदार इलेवन अपने अपने मैच हारकर बाहर

**अमृत विचार :** 7वीं शकुंतला देवी मेमोरियल बरेली प्रीमियर टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट लीग के शुक्रवार को दोनों सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए एसआरएमएस और आईके नेक्स्ट जेन की टीमों ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबला शनिवार को खेला जाएगा।

निशांत पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल शुक्रवार को एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन हरियाणा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर ठेकेदार इलेवन ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएमएस की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 18 ओवर में 5 विकेट पर 211 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। एसआरएमएस की ओर से स्टार बल्लेबाज यशु प्रधान ने 31 गेंदों में ताबड़तोड़ 67 रन बनाए, जबकि ओपनर शारून खान ने 84 रनों की शानदार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ठेकेदार इलेवन की टीम ने जोरदार मुकाबला किया, लेकिन 17.2 ओवर में 195 रन पर सिमट गई। ठेकेदार इलेवन की ओर से रोहन भाटी ने 34 गेंदों में 81 रनों की विस्फोटक पारी खेली, लेकिन टीम को 15 रन से हार का सामना करना पड़ा। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला आईके नेक्स्ट जेन और जीएसटी इलेवन के बीच खेला गया। टॉस जीतकर आईके ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया, लेकिन टीम 17.3 ओवर में 130 रन पर ही सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएसटी इलेवन की टीम निर्धारित ओवरों में 126 रन ही बना सकी। आईके नेक्स्ट जेन ने आखिरी गेंद पर रोमांचक मुकाबला 4 रन से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब के अध्यक्ष सुनील सक्सेना, सचिव प्रशांत रायजादा, जेएस पाटनी, मोहम्मद फरहान, डीपीएस की प्रधानाचार्या रितु अरोड़ा, केशलता इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या ममतेश माहेश्वरी, प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु अग्रवाल, विमल मिश्रा, एलआईसी प्रबंधक (सेल्स) कौशल जोशी, प्रमोद गंगवार आदि उपस्थित रहे।



सेमीफाइनल मैच में गेंद पर शॉट लगाता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### एसएसपी ने उप निरीक्षकों को किया सम्मानित

**बरेली/देवरनियां।** जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा जिले के उप निरीक्षकों को सम्मानित किया गया है। इस दौरान कोतवाली बहेड़ी के कस्बा चौकी इंचार्ज शिवकुमार मिश्र थाना शीशगढ़ की पुलिस चौकी टांडा छंगा के चौकी प्रभारी देवेंद्र कुमार राठी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

### शहीद दिवस पर महात्मा गांधी को याद किया

**बरेली/रिठौरा:** पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहीद दिवस पर उन्हें याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान शिक्षक राजेन्द्र सक्सेना, खूबकरन लाल, दिव्य मोहन भटनागर, दीपिका बनर्जी, सुलभ अग्रवाल ममता शंखधार, रूबी गंगवार, शीतल साहू, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

### बरेली की खिलाड़ी ने प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली की महिला खिलाड़ी रीता सिंह ने गाजियाबाद स्थित हरित यूनिवर्सिटी में प्रदेश स्तरीय आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में 80 किलोग्राम भार वर्ग की मास्टर श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। इस जीत के बाद रीता सिंह का चयन राष्ट्रीय स्तर की आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता के लिए हो गया। इससे पहले भी रीता सिंह पावरलिफ्टिंग में कई बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। कई बार स्ट्रांग वुमन ऑफ इंडिया का खिताब अपने नाम कर चुकी हैं। रीता सिंह बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत हैं। पति एवं प्रशिक्षक मुकेश कुमार के साथ नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। रीता सिंह ने इस उपलब्धि के माध्यम से महिलाओं को संदेश दिया है कि यदि स्वस्थ और फिट रहना है तो स्वयं को मजबूत बनाना आवश्यक है। इस उपलब्धि पर बीएसए व कर्मियों ने रीता सिंह को बधाई दी है।

# प्रयोगात्मक परीक्षा : तीन दिन में 2,890 परीक्षार्थी रहे गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिले में इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षा चल रही है। पिछले तीन दिन में 2,890 छात्रों ने प्रयोगात्मक परीक्षा छोड़ दी।

28 जनवरी को 142 केंद्र पर प्रयोगात्मक परीक्षा कराई गयी। 13 हजार 1 सौ 27 छात्र, 7 हजार 4 सौ 57 छात्राएं उपस्थित रहे, जबकि 740 छात्र और 258 छात्राएं अनुपस्थित रहे। 29 जनवरी को 114 केंद्रों पर हुई परीक्षा में 12 हजार 30 छात्र और 6 हजार 1 सौ 2 छात्राएं उपस्थित रहे। जबकि 1 हजार 1 सौ 70 छात्र और 2 सौ 85

- केंद्रों पर प्रयोगात्मक परीक्षा का हो रहा आयोजन

छात्राएं अनुपस्थित रहीं। शुक्रवार को 96 केंद्रों पर प्रयोगात्मक परीक्षा में 6 हजार 5 सौ 5 छात्र, 3 हजार 2 सौ 63 छात्राएं उपस्थित रहे, जबकि 3 सौ 60 छात्र और 77 छात्राएं अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार प्रयोगात्मक परीक्षा मुख्य परीक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसमें अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को शून्य अंक मिलता है, जिससे उनका अंतिम परिणाम प्रभावित हो सकता है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अजीत कुमार ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न होने के बाद अनुपस्थित छात्रों के लिए विभाग की ओर से जारी निर्देशों के आधार पर अग्रिम प्रक्रिया बताई जायेगी। प्रयोगात्मक परीक्षाएं 1 फरवरी तक चलेंगी।

### डीआईओएस ने प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार :** डीआईओएस डॉ. अजीत कुमार ने शुक्रवार को इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें रामभरोसे लाल इंटर कॉलेज देवचरा में भौतिक विज्ञान विषय में 163, राजकीय इंटर कॉलेज बिशारतगंज में रसायन विज्ञान विषय में 46, डॉ. बीआर अंबेडकर इंटर कॉलेज बिशारतगंज में भौतिक विज्ञान विषय में 298 परीक्षार्थी पंजीकृत मिले। डीआईओएस ने प्रधानाचार्यों से अनुपस्थित परीक्षार्थियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सतत निगरानी रखी जा रही है, ताकि परीक्षाएं पूर्ण रूप से पारदर्शी और नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराई जा सकें।

# कल्चरल क्लब की टीम नुक्कड़ नाटक में प्रथम

**बरेली, अमृत विचार:** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की कल्चरल क्लब टीम ने सड़क सुरक्षा माह पर आयोजित मंडल स्तरीय नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता शुक्रवार को बरेली कॉलेज के सभागार में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर आयोजित की गई थी। इसमें बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जनपद की टीमों ने भाग लिया। टीम के सदस्य श्रेय रस्तोगी, लवी सिंह, सुनैना सक्सेना और अक्षिता पाराशरी ने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह टीम राज्य स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के पी सिंह ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कुलसचिव हरिश्चंद्र, परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार सिंह, सड़क सुरक्षा क्लब एवं एनएसएस समन्वयक मंडल के सदस्य डॉ. आशीष जैन, डॉ. पवन कुमार सिंह, डॉ. इंद्रप्रीत कौर, डॉ. आशीष शंकवार, डॉ. अनिल बिष्ट और सांस्कृतिक केंद्र समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय सहित शिक्षकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने विजेताओं को बधाई दी।

# आक्रोश : मानदेय के लिए गरजे ईसीसीई एजुकेटर

## सात महीने से नहीं मिला मानदेय, बीएसए कार्यालय में जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बीएसए कार्यालय पर मौजूद ईसीसीई एजुकेटर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मानदेय के लिए प्री-प्राइमरी शिक्षा से जुड़े ईसीसीई एजुकेटरों ने शुक्रवार को एक बार फिर बीएसए कार्यालय पर आक्रोश जताया। उनका कहना है कि पिछले सात महीने से उन्हें मानदेय नहीं मिला है। वे आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। उनकी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है। 15 दिन पहले भी मानदेय दिलाने की मांग उठाई जा चुकी है, मगर इस दिशा में अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

एजुकेटरों ने बताया कि उनकी नियुक्ति जून 2025 में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से एक निजी कंपनी के माध्यम से की गई थी। जिले में लगभग 170 ईसीसीई एजुकेटर बालवाटिका और को-लोकेटेड आंगनबाड़ी

- कहा- बजट न होने का हवाला देकर की जा रही टालमटोल

केंद्रों वाले विद्यालयों में सेवाएं दे रहे हैं। बावजूद उन्हें मानदेय के लिए जूझना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मानदेय के लिए जब वे संबंधित कंपनी से संपर्क करते हैं तो विभाग से बजट न मिलने का हवाला देकर बात टाल दी जाती है। उनका दावा है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ की ओर से 26 नवंबर 2025 को जारी पत्र में छह माह के मानदेय के लिए बजट जारी किए जाने की पुष्टि की गई है। जिले के लिए 146.30880 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं, इसके बावजूद अब तक मानदेय नहीं मिला है। इस दौरान कंचन पटेल, पारुल मिश्रा, वीरेश कुमार, कुसुम देवी, रीना देवी, प्रियंका, जय श्री, पूनम कुमारी, विनीता, किरन कुमारी आदि ईसीसीई एजुकेटर मौजूद रहे।

# प्रत्येक बूथ पर अप्राप्त श्रेणी के मतदाताओं की सूची देख सकेंगे

**बरेली, अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि मतदाताओं की सुविधा के लिए 31 जनवरी को प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूची एवं अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची पढ़कर सुनाने की व्यवस्था कराएं।

समस्त बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी निर्धारित समय से उपस्थित रहे। बूथ लेवल अधिकारियों के पास 6 जनवरी को प्रकाशित मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्त श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची, अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूचियां उपलब्ध रहें, ताकि मतदाता अपनी प्रविष्टियों का सत्यापन कर सकें। मतदाताओं की सुविधा के लिए दावे एवं आपत्तियों से संबंधित फार्म 6 (घोषणा-पत्र सहित), फार्म 6 ए, फार्म 7 एवं फार्म 8 (घोषणा-पत्र सहित) पर्याप्त मात्रा में सभी बूथों पर उपलब्ध रहें।

# छात्रों ने ली सड़क सुरक्षा की शपथ



पद्मावती एकेडमी के विद्यार्थी सड़क सुरक्षा को लेकर शपथ लेते हुए। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत जिले के विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया गया। करीब 50 हजार छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली।

डीआईओएस अजीत कुमार ने बताया कि गुरुवार और शुक्रवार को को सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई।

- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूलों में चला अभियान

यह कार्यक्रम संभागीय परिवहन अधिकारी पंकज सिंह के अनुरोध पर आयोजित किया गया। शपथ के दौरान छात्र-छात्राओं ने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नाबालिग अवस्था में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने का संकल्प लिया। साथ ही उन्होंने सड़क पर पैदल चलने वाले नागरिकों और अन्य वाहन चालकों के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। विद्यालयों में विद्यार्थियों को यातायात संकेतों, जेब्रा क्रॉसिंग, लेन अनुशासन, साइड इंडिकेटर के सही प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि विद्यालय स्तर पर चलाया गया यह अभियान विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदारी और सुरक्षित व्यवहार की भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा।

# समिति ने बैठक कर हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा बनाई



बैठक में मौजूद संत रविदास हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के पदाधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार :** संत रविदास हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति ने शुक्रवार को बैठक कर 1 फरवरी को पूर्वाह्न 11 बजे महानगर की वीरसावरकर नगर बस्ती में होने वाले हिंदू सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की। समिति के वरिष्ठ सदस्य मयंक गोयल ने बताया कि बैठक में कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बुलाने के लिए कहा गया।

सचिव प्रियांक वर्मा ने बताया कि सभी कार्यों का दायित्व बस्ती के लोगों को दिया गया, जिससे व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। कार्यक्रम स्थल पर ध्वज और दंड भी वितरण के लिए उपलब्ध रहेंगे। वीरसावरकर नगर बस्ती के समिति अध्यक्ष एड. अजय कुमार अग्रवाल, योगेंद्र गंगवार, संजय शुक्ला, दुर्जेंद्र गुप्ता, दिव्या गोयल, नेहा अग्रवाल, विकास शंखधार, मनीष अग्रवाल, मयंक साधु, आदित्य, तरुण अग्रवाल, प्रभाकर श्रीवास्तव, सौरभ तिवारी, पंकज महंत, ऋतिक अरोरा, यतेन्द्र गंगवार, शुभ राठौर, अंश जोशी, केशव गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, सक्षम अग्रवाल, कंचन मोहन, सोनी शंखधार, दीपक अरोरा आदि उपस्थित रहे।

# श्रीराम कथा में शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का किया भावपूर्ण वर्णन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



हरि मंदिर में आयोजित कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** शाश्वतम् परिवार बरेली की ओर से श्री हरि मंदिर में आयोजित श्री राम कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। कथावाचक स्वामी डॉ. उमाकांतानन्द सरस्वती महाराज ने शिव-पार्वती विवाह के माध्यम से जीवन में ज्ञान और भक्ति के समन्वय का गूढ़ संदेश दिया।

स्वामी उमाकांतानन्द सरस्वती जी महाराज ने बताया कि भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह शिव-शक्ति के मिलन का प्रतीक है, जिससे सृष्टि का संतुलन बना रहता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान और भक्ति का समन्वय ही मानव जीवन को सार्थक बनाता है। कथा के दौरान राम नाम की महिमा, शिव-पार्वती के अलौकिक संबंध और सत्संग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। भूत-प्रेतों और विचित्र वेशभूषा में सजे शिवगणों के साथ शिव बारात का वर्णन सुनते ही कथा पंडाल में विवाह गीत गूंज उठे और श्रद्धालु झूमकर नाचने लगे। पूरा वातावरण भक्ति

- श्री हरि मंदिर में कथा का हो रहा आयोजन

और उल्लास से सराबोर हो गया। स्वामी उमाकांतानन्द सरस्वती ने यह संदेश भी दिया कि जीवन में अहंकार का त्याग कर भक्ति और ज्ञान के मार्ग पर चलना आवश्यक है। वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार, कैंट विधायक संजीव कुमार अग्रवाल, पीपी सिंह, प्रतिपाल सिंह एडवोकेट, संजय अग्रवाल, रविशरण सिंह चौहान, अधीर सक्सेना, डॉ. प्रमेन्द्र माहेश्वरी, डॉ. शरद अग्रवाल, डॉ. विमल भारद्वाज, नारद मुनि, गिरधर गोपाल खंडेलवाल, चन्द्रकांत



कथा सुनाते स्वामी उमाकांतानंद।

त्रिपाठी, मालती देवी, मंजुला खंडेलवाल, श्यामा अरोड़ा, शिप्रा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# कुष्ठ रोगियों के साथ समान व्यवहार करने का संकल्प लिया

कार्यालय संवाददाता, बरेली




प्रेमनगर स्थित कुष्ठ सेवा आश्रम में मौजूद विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कुष्ठ रोग के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना एवं इससे जुड़े सामाजिक कलंक को समाप्त करने का संदेश देना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ. प्रियंका ए. मसीह एवं उप-प्रधानाचार्या डॉ. अनीता पी. ने की। वक्ताओं ने कहा कि कुष्ठ रोग पूर्णतः उपचार योग्य है, लेकिन समाज में फैली भ्रांतियां और भेदभाव इसके उन्मूलन में सबसे बड़ी बाधा बने हुए हैं। रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रो. डॉ. वेल्लादुरई नारायनन, सह-आयोजक दीपक कुमार सैम्पसन एवं अनुराग शर्मा के नेतृत्व में जीएनएम द्वितीय वर्ष

- विश्व कुष्ठ रोग दिवस पर रोहिलखंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

के विद्यार्थियों ने कुष्ठ आश्रम प्रेम नगर का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने आश्रम में रह रहे लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण, उपचार और रोकथाम की जानकारी दी और किसी भी प्रकार का भेदभाव न करने की शपथ ली। वैश्विक स्तर पर कुष्ठ रोग की स्थिति पर भी चर्चा की गई।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 में विश्व के 133 देशों में कुष्ठ रोग के 1 लाख 72 हजार 717 नए मामले सामने आए, जिनमें 5.4 प्रतिशत बच्चे शामिल थे। यह स्थिति दर्शाती है कि समुदाय में अभी भी रोग का प्रसार हो रहा है और कई मामलों में समय पर पहचान नहीं हो पा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि मल्टी ड्रग थेरेपी से कुष्ठ रोग पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। डब्लूएचओ के गुडविल एंबेसडर योहे सासा काया ने इस साल अपने पदभार के 25 वर्ष पूर्ण किए हैं। उन्होंने कहा है कि कुष्ठ रोग कई हजार पुराना रोग है। इससे जुडे. भेदभाव की भावना आज भी गहरी है। उन्होंने आशंका जताते हुए कहा है कि कहीं मानव समाज में भेदभाव की शुरूआत कुष्ठ के भय से तो नहीं हुई थी। सभी लोगों ने समाज में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता फैलाने और रोगियों के साथ समान व्यवहार करने का संकल्प लिया।

## सिटी डायरी

### डायट में कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री महोत्सव का आयोजन



**बरेली, अमृत विचार :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में शुक्रवार को ''कला, क्राफ्ट एवं पपेट्री महोत्सव'' का आयोजन किया गया। इस महोत्सव का उद्देश्य शिक्षक प्रशिक्षुओं में रचनात्मकता, सौंदर्यबोध एवं नवाचारी शिक्षण कौशल का विकास करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि कला एवं क्राफ्ट आधारित गतिविधियां शिक्षण को रोचक, प्रभावी एवं बालकेंद्रित बनाती हैं। महोत्सव के दौरान शिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं ने विभिन्न प्रकार की कलाकृतियां, हस्तशिल्प, शिक्षण सहायक सामग्री, लोककला आधारित मॉडल और कठपुतली प्रस्तुतियां प्रदर्शित की। पपेट शो के माध्यम से नैतिक मूल्यों, सामाजिक विषयों एवं शैक्षिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में शिक्षिका बबिता गौतम, क्राफ्ट प्रतियोगिता में शिक्षिका अर्चना गंगवार, गीत प्रतियोगिता में शिक्षिका रुचि शर्मा, पपेट में शिक्षिका रुचि चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### ऐतिहासिक होली मिलन समारोह 4 मार्च को होगा



**बरेली, अमृत विचार :** द हिन्दू सोशल सर्विस ट्रस्ट की शुक्रवार को हुई बैठक में कई निर्णय लिए गए। मेला संयोजक राजेश जौली ने बताया कि 80 वां होली मिलन समारोह 4 मार्च की सायं 4 बजे से श्री गुलाबराय स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा। कहा कि ऐतिहासिक मेले में लगने वाले शिविरों के शुल्क में किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है। शिविरों की बुकिंग प्रारंभ हो गई है। होली मिलन समारोह का उद्घाटन झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार करेंगे। पदाधिकारियों ने मेला स्थल का निरीक्षण भी किया। प्रेमशंकर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, जीके अग्रवाल, रोहित मेहरा, शिव शंकर अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। दरअसल, सामाजिक एकजुटता के प्रतीक होली मिलन समारोह के आयोजन की शुरुआत चौधरी तालाब से हुई थी, जिसका उद्घाटन प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रहे पंडित गोविंद वल्लभ पंत ने किया था।

### प्रदेश स्तरीय संगीत वादन प्रतियोगिता में ऋषित ने पाया तृतीय स्थान



**बरेली, अमृत विचार :** संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित क्लासिकल गिटार वादन प्रतियोगिता में गुलाब राय मांटेसरी स्कूल के कक्षा 9 के छात्र ऋषित सिंह ने बरेली संभाग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक राजेश जौली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल, प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ने आशीर्वाद दिया है।

### गायक विपिन ने सूफी गायकी से बांधा समा, झूम उठे लोग

**बरेली, अमृत विचार :** पंजाबी महासभा महिला युवा इकाई की ओर से सिविल लाइंस के एक होटल में आयोजित किटी का अंतिम राउंड हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर प्रसिद्ध सूफी गायक विपिन ने सूफी गायकी से समा बांध दिया। अध्यक्ष नेहा साहनी, नीतू सेठी, आरती पुरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। किटी का यह अंतिम राउंड आपसी मेल-मिलाप, सांस्कृतिक जुड़ाव और मनोरंजन का सुंदर उदाहरण बना।

